चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. 1 कॉलम 1-5

सिटी में 2 बड़ी पहल • एचएयू गेट न. 4 के पास नवनिर्मित वातानुकूलित एचएयू मार्ट का सीएम ने किया उद्घाटन

# एचएयू मार्ट खुला, स्टूडेंट्स ही बेचेंगे विवि में तैयार प्रोडक्ट-प्लांट

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट न. 4) के समीप नवनिर्मित पूर्णतः वातानुकूलित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया।

खास बात है कि मार्ट का संचालन एचएयू के स्टूडेंट्स ही करेंगे, ताकि मार्केटिंग को समझ सकें। सीएम ने कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई में दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पॉवर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमेंट का भी दौरा किया।

सीएम ने एचएयू द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ (एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम) की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेंगे। इस अवसर पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चेयरमैन कैप्टन भूपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



रविवार को हिसार में एचएयू में पहुंचने पर मार्ट का शुभारंभ करते सीएम मनोहर लाल, कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य पदाधिकारी।

## 350 छात्र कार्यक्रम से जुड़े

ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 13 सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं जिनमें 350 छात्र जुड़े हुए हैं। इन छात्रों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक तथा उत्पादन ईकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## जानिए .... कौन-कौन से मिलेंगे उत्पाद

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने यह बताया कि एचएयू में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद, कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 2-6

**अच्छी खबर** सीएम ने किया उद्घाटन, ऑर्गेनिक फार्म व बायोगैस पावर जनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमेंट का भी किया दौरा

# एचएयू ने दी मार्ट की सौगात, खरीद सकेंगे विवि में बने उत्पाद

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में निर्मित सभी उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट न. 4) के समीप नवनिर्मित वातानुकूलित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ कार्यक्रम की (एक्सपीरियेशनल लर्निंग प्रोग्राम) की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. केपी सिंह की



मुख्यमंत्री मनोहर लाल एचएयू मार्ट का उद्घाटन करते हुए। • जागरण

अगुवाई में दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग और बायोगैस पावर जनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमेंट का भी दौरा किया।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने यह बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कई उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय और किसानों द्वारा निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों और विश्वविद्यालय के कृषि उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी सहायता एवं बिक्री केन्द्रों की स्थापना की गई।

**छात्र ही करेंगे एचएयू मार्ट का संचालन :** प्रो. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें सक्षम बनाने व उनके कौशल विकास के उद्देश्य से ईएलपी प्रोग्राम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया एचएयू मार्ट का संचालन छात्रों द्वारा ही किया जाएगा। विश्वविद्यालय की ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डा. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनमें विश्वविद्यालय के 350 छात्र जुड़े हुए हैं। इन छात्रों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक और उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डा. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चेयरमैन कैप्टन भुपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-6....

सुविधा

**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर-4 पर खुला मार्ट, इसमें उपलब्ध होंगे विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आर्गेनिक फार्मिंग के उत्पाद**

# खुद के बनाए उत्पादों को बेचकर पैसे कमा सकेंगे विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। यदि आपका बच्चा पढ़ाई के साथ-साथ अपना खर्च भी स्वयं ही वहन करने लगे तो कैसा लगेगा? ऐसा ही हो रहा है एचएयू में। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के अनुरूप जो उत्पाद तैयार करते हैं, अब उन्हें उनको बेचने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध हो गया है। इसके अलावा किसानों द्वारा तैयार उत्पाद भी यहां उपलब्ध रहेंगे। यह प्लेटफार्म विश्वविद्यालय ने उन्हें उपलब्ध करवाया है।



एचएयू में खुले मार्ट पर ग्राहक को सामान देतीं छात्राएं।

एचएयू मार्ट के नाम से विश्वविद्यालय के गेट नंबर-4 के समीप खोले गए इस मार्ट में विद्यार्थी अपने शिक्षकों की देखरेख में स्वयं द्वारा तैयार उत्पादों का विक्रय करेंगे। इस मार्ट का उद्घाटन रविवार को राहगीरी में हिस्सा लेने आए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें सक्षम बनाने व उनके कौशल विकास के उद्देश्य से ईएलपी प्रोग्राम शुरू किया गया है। एचएयू मार्ट का संचालन विद्यार्थियों द्वारा ही किया जाएगा।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर

## सीखो और कमाओ के 13 कार्यक्रम

विश्वविद्यालय की ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 13 सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं। इनमें विश्वविद्यालय के 350 विद्यार्थी जुड़े हैं। इन विद्यार्थियों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक तथा उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। राहगीरी में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट नं.-4) के समीप नवनिर्मित पूर्णतः वातानुकूलित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया।

विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसे केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद-कंपोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे।

"विश्वविद्यालय के एवं किसानों के कृषि उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी सहायता एवं बिक्री केंद्रों की स्थापना की गई है। जहां पर किसानों को विश्वविद्यालय के प्रकाशन, कृषि उत्पाद व बीज उपलब्ध करवाए गए हैं तथा किसानों द्वारा निर्मित कृषि उत्पादों को इन बिक्री केंद्रों के द्वारा बेचा जाएगा।

**- प्रो. केपी सिंह, कुलपति, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......

दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...4-5...

# सी.एम. ने बायोगैस पावर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का दौरा किया



मुख्यमंत्री मनोहर लाल एच.ए.यू. मार्ट का उद्घाटन करते हुए।

हिसार, 15 जुलाई (ब्यूरो): मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट नं.-4) के समीप एच.ए.यू. मार्ट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अगुवाई में दीनदयाल उपाध्याय सैंटर ऑफ एक्सीलैंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पावर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का भी दौरा किया।

इस मौके पर कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही परियोजनाओं से भी अवगत करवाया। इस अवसर पर विधायक डा. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चेयरमैन कैप्टन भूपेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि. भूमि....
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 3-6

# सीएम ने किया एचएयू मार्ट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि के उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार के समीप नवनिर्मित पूर्णतः वातानुकूलित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई में दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पॉवर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का भी दौरा किया। मुख्यमंत्री ने हकृवि द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ एक्सपीरियेंशल लर्निंग



प्रोग्राम की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेगें। हकृवि कुलपति ने बताया कि किसानों व इस विवि के कृषि उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी सहायता एवं बिक्री केंद्रों की स्थापना की गई है। जहां पर किसानों को विश्वविद्यालय के प्रकाशन, कृषि उत्पाद व बीज उपलब्ध करवाए गए हैं तथा किसानों द्वारा निर्मित कृषि उत्पादों को इन बिक्री केंद्रों के द्वारा बेचा जाता है। उन्होंने बताया एचएयू मार्ट का संचालन छात्रों द्वारा ही किया जाएगा।


इस अवसर पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चेयरमैन कैप्टन भूपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ छोर......

दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...3-5...

# एचएयू मार्ट पर मिलेंगे अनेक उत्पाद



हिसार/15 जुलाई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (4 नं. गेट) के समीप नवनिर्मित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलैंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पॉवर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का भी दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ (एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम) की सराहना की। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बैडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे। प्रो. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें सक्षम बनाने व उनके कौशल विकास के उद्देश्य से ईएलपी प्रोग्राम शुरू किया गया है। इसके तहत बेरोजगार छात्र नौकरी मांगने वालों की बजाए नौकरी देने वाले बन सकेंगे। ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 13 सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं जिनमें विश्वविद्यालय के 350 छात्र जुड़े हुए हैं। इन छात्रों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक तथा उत्पादन ईकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

समाचार-पत्र का नाम ....पाठक पक्ष....
दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....6-8....

# सीएम ने किया एचएयू मार्ट का उद्घाटन



हिसार, 15 जुलाई (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (4 न. गेट) के समीप नवनिर्मित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय सैंटर ऑफ एक्सीलैंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पॉवर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का भी दौरा किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ (एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम) की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे। प्रो. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हे सक्षम बनाने व उनके कौशल विकास के उद्देश्य से ईएलपी प्रोग्राम शुरू किया गया है। इसके तहत बेरोजगार छात्र नौकरी मांगने वालों की बजाए नौकरी देने वाले बन सकेंगे। विश्वविद्यालय की ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 13 सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं जिनमें विश्वविद्यालय के 350 छात्र जुड़े हुए हैं। इन छात्रों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक तथा उत्पादन ईकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चेयरमैन कैप्टन भुपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...नित्य शक्ति टाइम्स...
दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम 1-5


# मुख्यमंत्री ने किया एचएयू मार्ट का उद्घाटन

हिसार, 15 जुलाई (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब एचएयू मार्ट पर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट न. 4) के समीप नवनिर्मित पूर्णतः वातानुकूलित एचएयू मार्ट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. केपी सिंह की अगुवाई में दीनदयाल उपाध्याय सैंटर ऑफ एक्सीलैंस फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग व बायोगैस पॉवर जैनरेशन फॉर एग्रीवेस्ट मैनेजमैंट का भी दौरा किया।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई सीखो और कमाओ (एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम) की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी अपना व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेंगें।

कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने यह बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उपभोक्ता एचएयू मार्ट पर विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांटस, इंडोर प्लांटस, हैंगिंग बास्केट, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस मार्ट पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों व इस विश्वविद्यालय के कृषि उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी सहायता एवं बिक्री केन्द्रों की स्थापना की गई है। जहां पर किसानों को विश्वविद्यालय के प्रकाशन, कृषि उत्पाद व बीज उपलब्ध करवाए गए हैं तथा किसानों द्वारा निर्मित कृषि उत्पादों को इन बिक्री केन्द्रों के द्वारा बेचा जाता है।

प्रो. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हे सक्षम बनाने व उनके कौशल विकास के उद्देश्य से ईएलपी प्रोग्राम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया एचएयू मार्ट का संचालन छात्रों द्वारा ही किया जाएगा। इस मौके पर कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं से भी अवगत करवाया।



विश्वविद्यालय की ईएलपी कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 13 सीखो और कमाओ कार्यक्रम चल रहे हैं जिनमें विश्वविद्यालय के 350 छात्र जुड़े हुए हैं। इन छात्रों को वस्तुओं की खरीद से लेकर, पैकेजिंग, भंडारण और उत्पादों की बिक्री तक तथा उत्पादन ईकाई की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना, चैयरमैन कैप्टन भूपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...अमर उजाला, पंजाब केसरी...
दिनांक ...16.7.2019... पृष्ठ सं. ...1, 4... कॉलम ...1, 5...

## एचएयू के कार्यालय कल से नौ बजे खुलेंगे

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अंतर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर एक बजे से दो बजे तक भोजनावकाश रहेगा। यह जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सेशन के अंतर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसिलिंग के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों तथा कृषि कॉलेज कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज बावल (रेवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी, जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हो जाएगा। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तथा शाम 4.00 बजे से 5:30 बजे तक होगा।

## हकृवि का कल से बदलेगा समय

» कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुलेंगे

हिसार, 15 जुलाई (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि भूमि, दैनिक जागरण......
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. 11, 17 कॉलम 1, 1

## हकृवि में कल से ऑफिस खुलने का समय 9 से 5

हिसार। हकृवि में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सेशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल कैथल व कृषि कालेज, बावल रेवाड़ी में भी यही समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी। जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 से दोपहर 2 बजे तक था। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तथा सांय 4 से 5.30 बजे होगा।

## कल से सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी एचएयू

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके तहत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न एक बजे से 2 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डा. बीआर कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सेशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग हेतु कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रेवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी, जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक हो जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ओम.ओर........

दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....6-8....

# हकृवि में 17 से कार्यालय समय में परिवर्तन

हिसार/15 जुलाई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न 1.00 बजे से 2.00 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सेशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसिलिंग हेतु कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रिवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू हुई थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हो जाएगा। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:00 बजे (प्रथम शिफ्ट) तथा सांय 4.00 बजे से 5.30 बजे (द्वितीय शिफ्ट) होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स

दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 4-6

# एचएयू में 17 जुलाई से लागू होगी नई समय सारिणी, 9 से 5 खुलेंगे ऑफिस

**✓ विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:00 बजे (प्रथम शिफ्ट) तथा सांय 4.00 बजे से 5.30 बजे (द्वितीय शिफ्ट) होगा।**

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न 1.00 बजे से 2.00 बजे तक भोजनावकाश रहेगा।

कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सैशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग हेतु कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। फिलहाल विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हो जाएगा।

विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:00 बजे (प्रथम शिफ्ट) तथा सांय 4.00 बजे से 5.30 बजे (द्वितीय शिफ्ट) होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पा.रु.क.पक्ष......
दिनांक 15.7.2019 पृष्ठ सं. ....2....... कॉलम ....1-2....

# एचएयू में 17 जुलाई से लागू होगी नई समय सारिणी

हिसार, 15 जुलाई (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न 1.00 बजे से 2.00 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सैशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग हेतु कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रिवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हो जाएगा। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:00 बजे (प्रथम शिफ्ट) तथा सांय 4.00 बजे से 5.30 बजे (द्वितीय शिफ्ट) होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नित्य शक्ति टाइम्स........
दिनांक ..15.7.2019.. पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ..7-8..

# हकृवि में नई समय सारिणी 17 से : कंबोज

**हिसार, 15 जुलाई (निस)।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17 जुलाई से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 17 जुलाई से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न 1 बजे से 2 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज ने बताया कि यह समय परिवर्तन विश्वविद्यालय में 2019-20 सैशन के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग हेतु कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के आदेशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रिवाड़ी) में भी यही समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक था, जो 17 जुलाई से बदलकर प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक हो जाएगा। विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे (प्रथम शिफ्ट) तथा सांय 4 बजे से 5.30 बजे (द्वितीय शिफ्ट) होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला, दैनिक जागरण....
दिनांक 16.7.2019 पृष्ठ सं. 6,17 कॉलम 1-2,5

## एचएयू में दो दिवसीय सेमिनार आज से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान व मत्स्य पालन विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन 16 व 17 जुलाई को होगा। सेमीनार का मुख्य विषय जैव-विविधता इसकी समस्याएं, चुनौतियां और अवसर है। इसका उद्देश्य भिन्न-भिन्न संकायों के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों द्वारा एक दिशा में अग्रसर होकर अत्याधुनिक कौशलों, अनुप्रयोगों और नवीन तकनीकों के माध्यम से जैव-विविधता को संरक्षण प्रदान करना है ताकि मानव जनित व वातावरणीय तनाव से मुक्ति प्रदान हो सके। सेमीनार में जीव कल्याण विभाग भारत सरकार के अध्यक्ष डॉ. ओपी चौधरी मुख्य अतिथि होंगे जबकि मत्स्य विभाग हरियाणा सरकार के निदेशक पीएस मलिक विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. केपी सिंह अध्यक्षता करेंगे।

## दो दिवसीय सेमिनार आज से

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जीव-विज्ञान व मत्स्य पालन विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन 16-17 जुलाई को किया जा रहा है। सेमिनार का मुख्य विषय 'जैव-विविधता, इसकी समस्याएं, चुनौतियां और अवसर' है। जिसका उद्देश्य भिन्न-भिन्न संकायों के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों द्वारा एक दिशा में अग्रसर होकर अत्याधुनिक कौशलों, अनुप्रयोगों और नवीन तकनीकों के माध्यम से जैव-विविधता को संरक्षण प्रदान करना है। सेमिनार में डा. ओपी चौधरी अध्यक्ष, जीव कल्याण विभाग, भारत सरकार मुख्य अतिथि और पीएस मलिक, निदेशक, मत्स्य विभाग, हरियाणा सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर, वीर.अर्जुन....
दिनांक ..16.7.2019.. पृष्ठ सं. ...3, 19... कॉलम ...7, 1...

## बायोडायवर्सिटी मुद्दे पर आज से एचएयू में सेमिनार होगा शुरू

**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान व मत्स्य पालन विभाग की तरफ से दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन 16-17 जुलाई को किया जा रहा है।

सेमिनार का मुख्य विषय 'जैव-विविधताः इसकी समस्याएं, चुनौतियां और अवसर' है जिसका उद्देश्य भिन्न-भिन्न संकायों के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों द्वारा एक दिशा में अग्रसर होकर अत्याधुनिक कौशलों, अनुप्रयोगों और नवीन तकनीकों के माध्यम से जैव-विविधता को संरक्षण प्रदान करना है, ताकि मानवजनित व वातावरणीय तनाव से मुक्ति प्रदान हो सके। इस सेमिनार में डॉ. ओपी चौधरी अध्यक्ष, जीव कल्याण विभाग, भारत सरकार मुख्य अतिथि तथा पीएस मलिक, निदेशक, मत्स्य विभाग, हरियाणा सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे।

## सेमिनार आज से

**हिसार।** हकृवि के जीव विज्ञान व मत्स्य पालन विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन 16-17 जुलाई को किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य विषय 'जैव-विविधताः इसकी समस्याएं, चुनौतियां और अवसर' है। जिसका उद्देश्य भिन्न-भिन्न संकायों के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों द्वारा एक दिशा में अग्रसर होकर अत्याधुनिक कौशलों, अनुप्रयोगों और नवीन तकनीकों के माध्यम से जैव-विविधता को संरक्षण प्रदान करना है।